This question paper contains 15 printed pages]

4000

आपका अनुक्रमांक.........................

4504

B.A. (Programme)/I C

HINDI LANGUAGE (A)—Paper I

हिंदी भाषा (क)—प्रश्नपत्र I

(प्रवेशवर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए/NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**टिप्पणी** :—प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं दो अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10=20

(क) छोटे-से मंच पर बैठी, गंगा की उमड़ती हुई धारा को पन्ना अन्यमनस्क होकर देखने लगी। उस बात को, जो

P.T.O.

अतीत में एक बार, हाथ से अनजाने में खिसक जाने वाली वस्तु की तरह गुप्त हो गई हो; सोचने का कोई कारण नहीं। उससे कुछ बनता-बिगड़ता भी नहीं; परन्तु मानव-स्वभाव हिसाब रखने की प्रथानुसार कभी-कभी कह बैठता है, "कि यदि वह बात हो गई होती तो ?" ठीक उसी तरह पन्ना भी राजा बलवन्त सिंह द्वारा बलपूर्वक रानी बनाई जाने के पहले की एक संभावना को सोचने लगी थी। सो भी बाबू नन्हकूसिंह का नाम सुन लेने पर। गेंदा मुंह लगी दासी थी। वह पन्ना के साथ उसी दिन से है, जिस दिन से पन्ना बलवन्त सिंह की प्रेयसी हुई। राज्य-भर का अनुसंधान उसी के द्वारा मिला करता।

(i) उपर्युक्त अनुच्छेद के पाठ तथा इसके लेखक का नाम लिखिए।

(*ii*) पन्ना की मानसिक स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) पन्ना के जीवन में गेंदा की क्या भूमिका थी ?

(*iv*) अपने अतीत के प्रति मनुष्य की किस प्रवृत्ति की ओर लेखक ने संकेत किया है ?

(*v*) 'अन्यमनस्क' तथा 'अनुसंधान' शब्दों के अर्थ बताइए।

(ख) भारतेन्दु, बालकृष्ण भट्ट, बालमुकुन्द गुप्त आदि के सच्चे उत्तराधिकारी प्रेमचन्द ने 1919-20 में अपना महान् उपन्यास 'प्रेमाश्रम' लिखा। इसमें उन्होंने स्वाधीनता-आन्दोलन में किसान-संघर्षों की महत्त्वपूर्ण भूमिका चित्रित की। किसानों के दमन और उनके प्रतिरोध का

चित्र खींचते हुए उन्होंने यह परिणाम निकाला : "सत्याग्रह में अन्याय को दमन करने की शक्ति है, यह सिद्धान्त भ्रान्तिपूर्ण सिद्ध हो गया।" समस्त नए हिंदी साहित्य को सत्याग्रह से प्रभावित समझनेवाले सज्जन इस वाक्य को ध्यान से पढ़ लें। साम्राज्यवादी प्रचार का खंडन करते हुए 'प्रेमाश्रम' का बलराज कहता है : "मेरे पास जो पत्र आता है, उसमें लिखा है–रूस में काश्तकारों का ही राज है, वह जो चाहते हैं करते हैं।" प्रेमचन्द आजीवन किसानों के अधिकारों के हिमायती रहे और वह सच्चे देशभक्त थे, इसीलिए वह आजीवन सोवियत संघ के समर्थक रहे।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ तथा उसके लेखक का नाम लिखिए।

(*ii*) प्रेमचन्द को किनका सच्चा उत्तराधिकारी बताया गया है ?

(*iii*) "सत्याग्रह में अन्याय को दमन करने की शक्ति है; यह सिद्धान्त भ्रान्तिपूर्ण सिद्ध हो गया।" इस कथन से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(*iv*) "प्रेमाश्रम" नामक उपन्यास में किनका चित्रण किया गया है ?

(*v*) सोवियत संघ के बारे में प्रेमचन्द की क्या राय थी ?

(ग) जो समाज जितना पराधीन या आक्रान्त होता है, उसे व्यंग्य की जरूरत उतनी ही ज्यादा पड़ती है। आखिर कुछ तो कारण होगा कि हिंदी में भारतेन्दु युग में सबसे ज्यादा व्यंग्य लिखा गया। फिर जैसे-जैसे स्वतन्त्रता की

प्राप्ति का लक्ष्य नजदीक आता चला गया, व्यंग्य की रचना कम होने लगी। छायावाद युग में भी व्यंग्य था–लेकिन हाशिये पर। व्यंग्य का वास्तविक अवसर तब आया, जब स्वतन्त्र भारत की विडम्बनाएँ स्पष्ट होने लगीं। राजनीतिज्ञ, पुलिस, समाज सुधारक, लेखक, सेठ–सभी संदिग्ध होने लगे। आज तो व्यंग्य मानो एक राष्ट्रीय यज्ञ हो गया है। व्यंग्य या कार्टून के स्तम्भ के बिना अब तो दैनिक पत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

(*ii*) व्यंग्य की जरूरत किस समाज को ज्यादा पड़ती है और क्यों ?

(*iii*) भारतेन्दु युग तथा छायावाद युग में व्यंग्य की स्थिति कैसी थी ?

(*iv*) "आज तो व्यंग्य मानो एक राष्ट्रीय यज्ञ हो गया है" से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(*v*) लेखक ने स्वतन्त्र भारत की किन विडम्बनाओं की ओर संकेत किया है ?

2. निम्नलिखित अनुच्छेद का नीचे दिए गए प्रश्नों के आधार पर विश्लेषण कीजिए :

अनेक सदियों से पुरुष और नारी के सुदृढ़ रूप में स्थापित सम्बन्ध जो पुरुष के नारी पर अधिकार और वर्चस्व पर आधारित हैं, उन संबंधों में परिवर्तन मानव-समाज के सबसे कठिन परिवर्तनों में है। इसी बात को रेखांकित करते हुए यूरोप के प्रसिद्ध विचारक हैवेलोक एलिस ने कहा था कि यूरोप महान क्रान्तियों की प्रयोग भूमि रहा है, जहाँ औद्योगिक क्रान्ति, वैज्ञानिक और तकनीकी क्रान्ति, लोकतान्त्रिक राजनीतिक

क्रान्ति आदि अनेक क्रान्तियाँ हुई हैं। लेकिन पुरुष के वर्चस्व पर आधारित परिवार और परिवार के बाहरी क्षेत्रों में फ्रांस की महान क्रांति के सदृश पुरुष और नारी के सम्बन्धों में आमूल परिवर्तन लाने वाली क्रान्ति होना अभी शेष है। ऐसी क्रान्ति होना आज भी विश्व मानवता के लिए चुनौती है और इस दिशा में भारत को अभी एक लम्बी यात्रा तय करनी है।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद का केन्द्रीय विचार अपने शब्दों में लिखिए। 3

(*ii*) केन्द्रीय विचार की पुष्टि के लिए लेखक ने किस प्रसिद्ध विचारक के किस मत का उल्लेख किया है ? 4

(*iii*) भारत को किस दिशा में एक लम्बी यात्रा तय करनी है ? 3

3. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(i) वैज्ञानिक निश्चय और दार्शनिक अनुमान के बीच मूलभूत अन्तर क्या है ? (विज्ञान और धर्म)

(ii) 'क्रान्ति' के सम्बन्ध में लेखिका की क्या राय है ? (समाज और व्यक्ति)

(iii) जातीय अस्मिताओं की लड़ाइयाँ कैसे-कैसे लड़ी जाती हैं ? (अस्मिताओं का संघर्ष)

(iv) साहित्य में यथार्थ और कल्पना की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए। ('आज के अतीत' से)

(v) गाँधी जी के अनुसार 'आधे अंग्रेज और आधे हिन्दुस्तानी' का क्या मतलब था ?

(बदलता भारतीय समाज : बहुआयामी दृष्टि)

(*vi*) "सूचना प्रौद्योगिकी सूचना की ही नहीं, विचार की भी एक उत्तरदायी संस्था है।" कैसे ?

(शक्ति का केन्द्रीकरण)

(*vii*) "नारी ही नारी की दुश्मन होती है" पर लेखिका का क्या मत है ? (मित्र से संलाप)

4. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) मणिक मुल्ला के चरित्र की किन्हीं **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(*ii*) सत्ती और चमन ठाकुर के बीच क्या सम्बन्ध था ?

(*iii*) पति-पत्नी के रूप में तन्ना और लिलि के रिश्ते कैसे थे ?

(*iv*) महेसर दलाल के व्यक्तित्व की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(v) 'घोड़े की नाल' की जमुना के जीवन में क्या भूमिका थी ?

(vi) तन्ना की दुरवस्था के लिए आप किसे सबसे अधिक कसूरवार मानते हैं और क्यों ?

(vii) मणिक मुल्ला की कहानियों के स्वरूप के बारे में क्या राय है ?

**अथवा**

'यात्राएँ' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) अंग्रेजों के जमाने में नैनिताल को 'छोटी विलायत' क्यों कहा जाता था ?

(ii) सिगरी उनसत के घर का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(*iii*) 'कुशीनारा : तथागत के अन्तिम दिन' में भिक्षा पात्र के सम्बन्ध में क्या उल्लेख किया गया है ?

(*iv*) लेखक ने नागालैण्ड की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

(*v*) अपनी यात्राओं के दौरान लेखक ने किन-किन देशों की यात्रा की, किन्हीं चार देशों के नाम लिखिए।

(*vi*) नार्वे की भौगोलिक स्थिति स्पष्ट कीजिए।

(*vii*) 'हिन्द महासागर का मोती' किसे कहा गया है और क्यों ?

5. किसी एक विषय पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए : 8

(*i*) हिंदी फिल्मों में गीतों की भूमिका;

(*ii*) प्राइवेट हॉस्टल और छात्र-जीवन;

(*iii*) खानपान की बदलती तस्वीर।

6. नीचे दिये गए कथांश को आत्मकथा शैली (मैं शैली) में रूपान्तरित कीजिए : 5

चालीस साल का हट्टा-कट्टा, काला-कलूटा, देहाती नौजवान अपनी गाड़ी और अपने बैलों के सिवाय दुनिया की किसी और बात में विशेष दिलचस्पी नहीं लेता। घर में बड़ा भाई है, खेती करता है। बाल-बच्चेवाला आदमी है। हिरामन भाई से बढ़कर भाभी की इज्जत करता है। भाभी से डरता भी है। हिरामन की भी शादी हुई थी, बचपन में ही गौने से पहले ही दुलहिन मर गई। हिरामन को अपनी दुलहिन का चेहरा याद नहीं।.........दूसरी शादी ? दूसरी शादी न करने के अनेक कारण हैं। भाभी की जिद्द, कुमारी लड़की से ही हिरामन की शादी करवाएगी। कुमारी का मतलब हुआ पाँच-सात साल की लड़की।

7. (क) शब्दकोश का महत्व बताते हुए हिंदी विश्वकोश पर टिप्पणी कीजिए। 4

(ख) हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के आधार पर निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

अवसर, महिमा, उपस्थित, पुराण, शारीरिक, ज्ञान, प्रकाश, राजनीति। 4

**अथवा**

किन्हीं **दो** अवधारणामूलक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए :

उपभोक्तावाद, साम्प्रदायिक, नारीवाद उपनिवेश।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **चार** का पदक्रम ठीक कीजिए : 4

(*i*) होते हैं धीर, गंभीर और आजाद सच्चे वीर पुरुष।

(*ii*) बारूद की तरह रेगिस्तान में अरब के आग लग गई।

(*iii*) हिरामन ने नाम हीराबाई का नहीं सुना कभी।

(*iv*) मुन्नी संसार-भ्रमण करने को विकल थी अपनी रेल पर।

(*v*) क्षमा कर दिया उन्होंने चारू को मेरी प्रार्थना पर।

(*vi*) उखाड़ कर रख दिया था अकाल और महामारी ने जीवन के ताने-बाने को उनके।